# वित्त मंत्रालय

## मांग संख्या 28

## सरकारी कर्मचारियों को उधार आदि

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2000-2001 आयोजना | बजट 2000-2001 आयोजना-भिन्न | बजट 2000-2001 जोड़ | संशोधित 2000-2001 आयोजना | संशोधित 2000-2001 आयोजना-भिन्न | संशोधित 2000-2001 जोड़ | बजट 2001-2002 आयोजना | बजट 2001-2002 आयोजना-भिन्न | बजट 2001-2002 जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व | | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *पूंजी* | | ... | *500.00* | *500.00* | ... | *500.00* | *500.00* | ... | *475.00* | *475.00* |
| **जोड़** | | **...** | **500.00** | **500.00** | **...** | **500.00** | **500.00** | **...** | **475.00** | **475.00** |
| *1. सरकारी कर्मचारियों को उधार आदि* | | | | | | | | | | |
| 1.1 गृह निर्माण अग्रिम | 7610 | ... | 600.00 | 600.00 | ... | 600.00 | 600.00 | ... | 600.00 | 600.00 |
| 1.2 वाहन, आदि खरीदने के लिए अग्रिम | 7610 | ... | 200.00 | 200.00 | ... | 200.00 | 200.00 | ... | 200.00 | 200.00 |
| | *Total* | ... | *800.00* | *800.00* | ... | *800.00* | *800.00* | ... | *800.00* | *800.00* |
| *2. घटाइए-व्यय की कटौती में लिए गए ऋणों की वसूलियां* | | | | | | | | | | |
| 2.1 गृह निर्माण अग्रिम | 7610 | ... | -220.00 | -220.00 | ... | -220.00 | -220.00 | ... | -235.00 | -235.00 |
| 2.2 वाहन अग्रिम, आदि | 7610 | ... | -80.00 | -80.00 | ... | -80.00 | -80.00 | ... | -90.00 | -90.00 |
| | *Total* | ... | *-300.00* | *-300.00* | ... | *-300.00* | *-300.00* | ... | *-325.00* | *-325.00* |
| ***कुल जोड़*** | | ***...*** | ***500.00*** | ***500.00*** | ***...*** | ***500.00*** | ***500.00*** | ***...*** | ***475.00*** | ***475.00*** |

यह एक मिश्रित मांग है जिसमें सभी केन्द्रीय मंत्रालयों तथा विभागों और उनके अधीनस्थ संगठनों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों (जैसे चंडीगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, आदि) की आवश्यकताओं के लिए व्यवस्था की गई है ताकि वे अपने कर्मचारियों को उधार और अग्रिम दे सकें। इसमें संसद सदस्यों को मोटरवाहनों की खरीद के लिए अग्रिम दिए जाने का प्रावधान भी शामिल है।

जिन प्रयोजनों के लिए सब्याज उधार दिए जाते हैं उनमें गृह निर्माण, वाहनों की खरीद, कम्प्यूटरों की खरीद, पंखों तथा गर्म कपड़ों की खरीद के लिए दिए जाने वाले अग्रिम शामिल हैं। चूंकि इस मांग के अंतर्गत ऋणों को दो बड़े शीर्षों, गृह निर्माण अग्रिम तथा इसके अतिरिक्त अन्य के अंतर्गत स्वीकृत किया जाता है, इसलिए आवंटनों को तदनुसार दर्शाया गया है अर्थात् गृह निर्माण अग्रिम तथा वाहनों की खरीद के लिए अग्रिम आदि।

बजट अनुमान 2001-2002 में गृह निर्माण अग्रिमों के लिए प्रावधान केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना के अधीन निधियों में अभिवृद्धि की तुलना में रखा जाएगा।